Title: Need for early commissioning of T.V. Relay Centres at Radhapur and Disha in Gujarat.-Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर गुजरात के राधानपुर टी.वी. केन्द्र और दिशा टी.वी. केन्द्र की तरफ दिलाना चाहता हूं। इन दोनों केन्द्रों पर आधुनिक किस्म के उपकरण कई करोड़ रूपए खर्च करके स्थापित हो चुके हैं किन्तु अभी तक इनको पूरी तरह से चालू नहीं किया गया है जिसके कारण हम अपने साधनों का पूरी तरह से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में सरकार का ध्यान दिलवाया गया तो हमें आश्वासन मिला है कि इन्हें शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा परन्तु अभी तक उनको चालू नहीं किया गया है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन दोनों टी.वी. रिले केन्द्रों को पूरी तरह से शीघ्र चालू किया जाए।